भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

मौखिक प्रश्न सं. *97

गुरुवार, 27 जून, 2019/6 आषाढ़, 1941 (शक)

केरल में भारतमाला परियोजना

***97. श्री सुरेश कोडिकुन्निलः**

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने केरल में राष्ट्रीय राजमार्ग सं॰ 744, 183 और 183ए पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की भारतमाला परियोजना के अंतर्गत कार्य आरम्भ कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है और कार्य के आधर पर पिछले वर्ष और चालू वर्ष के दौरान कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ग) केरल में अलपुझा-कोडईकनाल और कायमकुलम-मुन्नार में नए राष्ट्रीय राजमार्गों की स्थिति का ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में कार्य में तेजी लाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) : एक विवरण सभा-पटल पर रखा गया है।

'केरल में भारतमाला परियोजना' के संबंध में श्री सुरेश कोडिकुन्निल द्वारा पूछे गए दिनांक 27.06.2019 के लोक सभा मौखिक प्रश्न संख्या *97 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) एंव (ख): राष्ट्रीय राजमार्ग-744, 183, और 183ए पर उन्नयन के लिए कोई भी सिविल कार्य शुरू नहीं किया गया है। हालाँकि, राष्ट्रीय राजमार्ग-183 और राष्ट्रीय राजमार्ग-183ए के चौड़ीकरण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट / व्यवहार्यता अध्ययन का कार्य शुरू किया गया है और राष्ट्रीय राजमार्ग 744 के विकास के लिए संरेखण विकल्पों का अध्ययन कार्य भी शुरू किया गया है।

(ग): चंगनास्सेरी और कायमकुलम (रारा 66 पर) से थिरुवल्ला (रारा 183 पर) (जो कायमकुलम से मुन्नार को जोड़ने वाली सड़क का हिस्सा है) से होकर अलपुझा (रारा 66 पर) से वाज़हूर (रारा 183 पर) को जोड़ने वाली सड़क का खंड राष्ट्रीय राजमार्ग नहीं है। तथापि इन खंडों का वित्तीय जरुरतों को पूरा करने और डीपीआर के अध्ययन के निष्कर्षों के अध्यधीन नए राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में घोषणा के लिए संभावित खंडों के रूप में चिन्हित किया गया है। अलपुझा (रारा 66 पर) से वाज़हूर (रारा 183 पर) को जोड़ने वाले खंड में संरेखण का अध्ययन कार्य शुरू किया गया है।

*****